हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 20 जनवरी 2026

04 टीम ने वार्डों में पानी सप्लाय के दौरान पानी किया चेक...



07 छत्तीसगढ़ राज्य के बगिया क्षेत्र में बनेगा ...





## खबर संक्षेप

### 4 प्रयोगशालाओं में किया जा रहा है जल की गुणवत्ता का परीक्षण



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में आमजन को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा सीहोर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैंडपंपों एवं नल जल प्रदाय योजनाओं के स्रोतों में निरंतर क्लोरीनेशन का कार्य किया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री प्रदीप सक्सेना ने बताया कि जिले में 04 उपखण्डीय प्रयोगशालाएं स्थापित हैं, जिनमें निरंतर जल नमूनों का जल परीक्षण किया जा रहा है। विगत 01 माह में 1215 जल नमूनों का परीक्षण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त नलजल प्रदाय योजनाओं में स्थापित उच्च स्तरीय टंकियों की सफाई का कार्य भी प्रगतिरत हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकारी और तकनीकी अमला फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से भी जल का परीक्षण कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड निरीक्षण करने, जल स्रोतों की निरंतर निगरानी रखने तथा पेयजल गुणवत्ता की समय-समय पर जांच सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

### नर्मदा जयंती पर प्रतिमा प्राण-प्रतिष्ठा, महाआरती व भंडारे के साथ होगा समापन

# कलश यात्रा के साथ गूंजे नर्मदा महिमा के उद्घोष साधना धाम में शुरू हुई श्री नर्मदा पुराण कथा





**नर्मदा पुराण में मां नर्मदा की उत्पत्ति, उनकी महिमा और मानव जीवन में उनके आध्यात्मिक महत्व का विस्तृत वर्णन है। कथावाचक ने बताया कि मां नर्मदा को शिव पुत्री कहा गया है और वे साक्षात धरती पर विद्यमान हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील भैरूंदा के ग्राम अतरालिया (मंडी) स्थित साधना धाम आश्रम में सोमवार को श्री नर्मदा पुराण कथा का शुभारंभ अत्यंत भव्य, श्रद्धामय और उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ। मां नर्मदा नदी की महिमा के उद्‌घोष के साथ निकली कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। आयोजन की शुरुआत सुबह मंगल कलश यात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं व श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश धारण कर आश्रम परिसर से ग्राम मंडी के पावन नर्मदा तट तक पदयात्रा की।

कलश यात्रा के दौरान नर्मदा तट पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन-अर्चन एवं आरती संपन्न हुई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं का जत्था पुनः कथा स्थल साधना धाम आश्रम पहुंचा, जहां विधिविधान से श्री नर्मदा पुराण कथा का आरंभ किया गया। यात्रा मार्ग पर ग्रामवासियों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का आत्मीय स्वागत किया। कई स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था की गई, वहीं विशेष आकर्षण के रूप में जेसीबी मशीनों से पुष्पवर्षा की गई, जिसने आयोजन को और अधिक भव्यता प्रदान की। बेंड-बाजों की मधुर धुनों पर नाचते-झूमते श्रद्धालु, आगे-आगे चलती आतिशबाजी और मां नर्मदा के जयघोष से पूरा मार्ग भक्तिमय हो उठा। कथा वाचन कर रहे प्रसिद्ध कथावाचक निलेश उपाध्याय ने श्री नर्मदा पुराण के प्रसंगों का भावपूर्ण और सरल भाषा में वर्णन किया। उन्होंने कहा कि नर्मदा पुराण में मां नर्मदा की उत्पत्ति, उनकी महिमा और मानव जीवन में उनके आध्यात्मिक महत्व का विस्तृत वर्णन है। कथावाचक ने बताया कि मां नर्मदा को शिव पुत्री कहा गया है और वे साक्षात धरती पर विद्यमान हैं। उनकी उपासना से जीवन में शुद्धता, संयम और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है।

उन्होंने शास्त्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि मां नर्मदा के जल का स्पर्श पाषाण को भी शिवत्व प्रदान कर देता है। मान्यता के अनुसार मां नर्मदा ने भगवान शंकर से यह वरदान प्राप्त किया कि उनके जल में सदा शिव का वास रहेगा, इसी कारण नर्मदा के कंकर-कंकर में शिव का निवास माना जाता है और नर्मदेश्वर का विशेष धार्मिक महत्व है।

श्री नर्मदा पुराण कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक साधना धाम आश्रम, अतरालिया मंडी में किया जा रहा है। कथा का समापन नर्मदा जयंती, 25 जनवरी (माघ शुक्ल सप्तमी) को होगा। समापन अवसर पर नर्मदा मंदिर में मां नर्मदा की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा, भव्य महाआरती तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इस कथा का आयोजन ग्राम मंडी निवासी रावल शर्मा परिवार द्वारा किया जा रहा है। आयोजक परिवार ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे प्रतिदिन अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्री नर्मदा पुराण कथा का श्रवण करें और पुण्य लाभ अर्जित करें।

## आज भैरुंदा आएंगे राज्यपाल, कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर के साथ एसपी ने किया निरीक्षण



**सीहोर।** राज्यपाल मंगूभाई पटेल 20 जनवरी को दोपहर 01:50 बजे भैरूंदा तहसील के ग्राम मोगराखेड़ा पहुंचेंगे और वहां आयोजित जनजातीय विकास सशक्तिकरण सम्मेलन में शामिल होंगे। इसके पश्चात राज्यपाल श्री पटेल दोपहर 3:20 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

**कलेक्टर-एसपी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण :** कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने भैरूंदा तहसील के ग्राम मोगराखेड़ा में 20 जनवरी को आयोजित होने वाले राज्यपाल मंगूभाई पटेल के कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय से पहले ही पूर्ण कर ली जाएं तथा सभी विभाग एक दूसरे से समन्वय स्थापित कर कार्य करें। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर आगमन, निर्गमन, पेयजल, बैरिकेडिंग, पार्किंग, फायर ब्रिगेड, यातायात, बैठक व्यवस्था एवं साफ सफाई सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने सभी पुलिस अधिकारियों को कार्यक्रमों में सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सुधीर कुशवाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### बादल छाएः 3 दिन बाद तापमान में 3 डिग्री की बढ़ोतरी, मावठे की बारिश के आसार

**सीहोर।** जिले में सोमवार को न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले शुक्रवार, शनिवार और रविवार को लगातार तीन दिन न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर रहा था। बीते 24 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, आसमान में हल्के बादल छाने शुरू हो गए हैं। यह आगामी दिनों में मावठे (शीतकालीन बारिश) की संभावना का स्पष्ट संकेत है। वहीं, अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान स्थिर रहने के बाद बादलों के छाने से तापमान में वृद्धि हुई है। हवाओं की दिशा भी पूर्व की ओर हो गई है। कुल मिलाकर, आसमान में बादलों की सघनता लगातार बढ़ रही है, जिससे मावठे की बारिश की प्रबल संभावना बन रही है। शासकीय कृषि महाविद्यालय स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि इस प्रकार के मौसम में जब आसमान पर बादल छाते हैं, तो चने की फसल में इल्लियों का प्रकोप बढ़ने की आशंका रहती है।

## नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने दी 15 लाख से अधिक की सौगात



**सीहोर।** शहर को स्मार्ट सिटी के तर्ज पर विकसित करने के लिए करोड़ों रुपए के निर्माण कार्य कराए गए है और जहां पर भी आवश्यकता होती है, वहां पर क्षेत्रवासियों की अपेक्षा के अनुसार निर्माण कार्य कराए जा रहे है। सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने 15 लाख से अधिक के तीन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस मौके पर वार्ड क्रमांक चार के पार्षद राजेश मांझी ने बताया कि क्षेत्र का विकास वर्तमान नगर परिषद में तेजी से किया गया है। हमारे नपाध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा वार्ड में आने वाली जल भराव की समस्या के लिए करीब 3 लाख 20 हजार से नाली निर्माण कार्य किया है। वहीं साढ़े 13 लाख की लागत से डामरीकरण और सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है। सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने वार्ड क्रमांक चार में तीन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया था। पार्षद श्री मांझी ने बताया कि वार्ड के अंतर्गत नौ लाख की राशि से अनिल शर्मा के घर से गीता भवन तक जाने वाली सड़क का नौ लाख की राशि से डामरीकरण किया जाएगा। इसके अलावा साढ़े चार की राशि से सीसी सड़क और तीन लाख 20 हजार की राशि से नाली निर्माण का कार्य पूर्ण किया जाएगा। इस मौके पर नपाध्यक्ष श्री राठौर ने वार्डवासियों से चर्चा भी करते हुए पेयजल और वार्ड में साफ-सफाई को लेकर सुझाव लिए। भूमि-पूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, विजेन्द्र परमार, अजय पाल सिंह राजपूत, कमलेश कुशवाहा, कमलेश राठौर, लोकेन्द्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल थे।

## आज लगेगा निःशुल्क नेत्र शिविर, मोतियाबिंद के मरीजों को भोपाल भेजकर किया जाएगा आंख का फ्री ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के इंग्लिशपुरा क्षेत्र में मंगलवार, 20 जनवरी को नेत्र रोगियों के लिए लायंस क्लब एवं सेवा सदन के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष राहत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय भोपाल द्वारा संचालित प्राथमिक नेत्र जांच केंद्र, वासिम मंजिल, मस्जिद के पास यह शिविर लायंस क्लब के सहयोग से आयोजित होगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और मोतियाबिंद से ग्रसित मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजकों ने बताया कि मंगलवार सुबह 9:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक मरीजों की निशुल्क जांच की जाएगी।

जांच के दौरान जिन मरीजों में मोतियाबिंद पाया जाएगा, उन्हें ऑपरेशन के लिए सेवा सदन भोपाल ले जाने हेतु विशेष गाड़ी की व्यवस्था रहेगी। मरीजों को अस्पताल ले जाने, वहां ठहरने, भोजन, दवाइयों और ऑपरेशन की पूरी सुविधा पूरी तरह निशुल्क प्रदान की जाएगी।

शिविर में आने वाले मरीजों को सलाह दी गई है कि वे अपने साथ आधार कार्ड, वोटर आईडी और घर के किसी सदस्य का मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से लेकर आएं ताकि पंजीयन प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की जा सके। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक जरूरतमंदों से इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

## महाशिवरात्रि पर निकलेगी शिव बारात, बैठक में राजीव गुजराती नियुक्त किए समिति के अध्यक्ष



**सीहोर।** भव्य विशाल शिव बारात आयोजन को लेकर छीपापुरा कस्बा में स्थित राजूखत्री के निवास पर बैठक का आयोजन किया गया। नगर पुरोहित पृथ्वी बल्लभ दुबे के द्वारा बैठक की अध्यक्षता की गई। आयोजन समिति के प्रमुख सरंक्षक गौरव सन्नी महाजन, कमलेश अग्रवाल,शिव बारात आयोजन के संस्थापक लोकेश सोनी की विशेष उपास्थिति रही।

सर्वसहमति से शिव बारात आयोजन समिति अध्यक्ष राजीव गुजराती और उपाध्यक्ष मनोज शर्मा,यश अग्रवाल एवं संयोजक राजेश राय चल समारोह प्रभारी ऋषि सोनी और यश यादव को मनोनित किया गया। बैठक का संचालन सेवा यादव एवं कमलकिशौर गौतम के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। मनोनित पदाधिकारियों को समस्त सदस्यों के द्वारा फूल मालाऐं पहनाकर स्वागत कर शुभकामनाऐं दी गई। आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए सभी वरिष्ठजनों ने अपने विचार प्रकट किए। अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि बीते वर्ष से भी अधिक भव्यता शिव बारात में इस वर्ष नागरिकों को देखने को मिलेगी। समिति उपाध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि इस वर्ष इतिहासिक बाबा शिव की बारात सभी के सहायोग से निकाली जाएगी। संयोजक राजेश राय ने बताया कि बारात में प्रदेश की झांकियां शामिल रहेंगी और अनेक कलाकार शिव बारात में अपनी उपस्थिति दर्ज कराऐंगे। बैठक में सूनील दुबे, गोपाल खत्री, हेमंत वर्मा, राजू खत्री, रवि खत्री, रमेश गुप्ता भगत तोमर, सुनील भावसार, दिनेश चावड़ा, विवेक राठौर,सुधीर सोनी, मांगीलाल मालवीय, आकाश तिवारी, विक्की भावसार, लवकुश, कृष्णा, कालू यादव,तनिश त्यागी, हरिओम सिसोदिया, अक्षत सेंगर, अनुभव सेन, मोनू शर्मा, विक्की विश्वकर्मा, मनीष मेवाड़ा, अभिशेष लोधी, सुभव त्यांगी, राहुल कुशवाहा दीपक व्रिश्वकर्मा, सूनू विश्वकर्मा, दिव्यांश मालवीय, रोहित बाबा, लक्की, हरमेश रावल, रवि यादव, धमेंद्र नामदेव, अनुज, शुभम आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### प्राचार्य बीना जे कुरियन बोलीं: छात्रों की मेहनत व समर्पण का परिणाम है

# कराते व सेल्फ डिफेंस में द ऑक्सफोर्ड स्कूल के दो छात्रों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





स्थानीय दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल के 2 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त कर, सीहोर जिला एवं मध्यप्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है।

विद्यालय के कक्षा 11वीं के छात्र भावेश परमार ने छठी टीएसआरकेकेओआई नेशनल कराटे चैम्पियनशिप 2026 में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता, वहीं कक्षा 11वीं की ही छात्रा आरोही पराशर ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। यह प्रतिष्ठित राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता सेल्फ डिफेन्स वर्धा डिस्ट्रिक्ट मार्शल आर्ट कराटे एसोसिएशन, वर्धा द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने सहभागिता की। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर दोनों खिलाड़ियों का चयन आगामी दिनो नेपाल में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए किया गया है। इस उल्लेखनीय सफलता में विद्यालय के कराटे कोच लखन ठाकुर का विशेष योगदान रहा, जिनके कुशल मार्गदर्शन, निरंतर प्रशिक्षण एवं प्रेरणा से विद्यार्थियों ने यह मुकाम हासिल किया। प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने कहा कि खिलाड़ियों की यह सफलता उनकी कठोर मेहनत, अनुशासन तथा खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है और भविष्य में वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन करेंगे। इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन एड. जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन, जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, जिला खेल अधिकारी अत्ताउल्लाह खान, शास. आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर प्राचार्य आलोक शर्मा, स्पोर्ट्स शिक्षक सुमित शर्मा एवं विद्यार्थियों ने हार्दिक बधाई दी।

### 173 स्वीकृत मामलों में पहली किश्त भी नहीं, 8-10 महीने से फाइलें अटकी

**सीहोर।** जिले में दलित और आदिवासी समुदायों के खिलाफ अत्याचार के मामलों में पीड़ितों को राहत राशि के लिए महीनों से भटकना पड़ रहा है। जिले में अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत स्वीकृत 173 प्रकरणों में पीड़ितों को अभी तक पहली किश्त भी नहीं मिल पाई है। जानकारी के अनुसार, इन लंबित प्रकरणों में से कई 8 से 10 महीने पुराने हैं, जबकि कुछ तो एक साल से भी अधिक समय से लंबित हैं। नियमानुसार, राहत राशि तीन चरणों में दी जाती हैः पहली किश्त एफआईआर दर्ज होने के बाद, दूसरी किश्त चालान पेश होने के बाद और तीसरी किश्त अदालत के फैसले के बाद। हालांकि, सीहोर में कई पीड़ितों को पहली किश्त भी नहीं मिली है। अत्याचार के शिकार कई दलित और आदिवासी आर्थिक रूप से कमजोर हैं। राहत राशि के अभाव में उन्हें गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले पीड़ित और महिला पीड़ित भी जानकारी के लिए विभाग के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। इस संबंध में आदिम जाति विभाग के संयोजक एके कुशवाह ने बताया कि स्वीकृत प्रकरणों के लिए राहत राशि की मांग का पत्र आदिवासी विकास आयुक्त कार्यालय भेजा गया है। विभाग ने कुल दो करोड़ रुपए की राहत राशि की मांग की।

## खबर संक्षेप



### सर्व ब्राह्मण महिला मंडल ने मनाया हल्दी-कुमकुम उत्सव

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी शहर के खजांची लाइन स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में सर्व ब्राह्मण महिला मंडल के तत्वाधान में आस्था और उत्साह के साथ हल्दी-कुमकुम उत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी। इस संबंध में जानकारी देते हुए सर्व ब्राह्मण महिला मंडल की अध्यक्ष नीलम शर्मा ने बताया कि मकर संक्रांति पर हर साल महिलाओं के द्वारा हल्दी-कुमकुम उत्सव का आयोजन किया जाता है। इस साल भी ब्राह्मण धर्मशाला में उत्सव के साथ आयोजन किया गया और मकर संक्रांति पर्व मनाया गया। महिलाओं के द्वारा कीर्तन और भजन के पश्चात भोजन प्रसादी वितरण की गई। उन्होंने बताया कि उत्सव के दौरान सुहाग सामग्री महिला मंडल की ओर से भेट की गईं एवं आगामी माह मे 1 मार्च को फाग उत्सव मनाना सुनिश्चित किया गया।

### दूषित पानी से मौतों के बाद शहर में शुद्ध पेयजल को लेकर नगर निगम सक्रिय

# टीम ने वार्डों में पानी सप्लाय के दौरान पानी किया चेक, रहवासियों से की चर्चा

**निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर प्रतिदिन चलाया जा रहा निरीक्षण अभियान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

इंदौर में भागीरथपुरा दूषित पानी पीने से 20 ज्यादा मौतें हो चुकी है। हादसे के बाद प्रदेश भर में पेयजल करने वाली संस्था विभाग सक्रिय है। देवास में भी शुद्ध पेयजल को लेकर नगर निगम सक्रिय नजर आ रहा है। शहरवासियों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचे, इसके लिए नगर निगम पूरी तरह मुस्तैद नजर आ है। कहीं पाइपलाइन की जांच हो रही है तो कहीं पानी के सैंपल लिए जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को किसी भी तरह की परेशानी न हो और भरोसे के साथ नल का पानी इस्तेमाल कर सके। शहर में नलों के माध्यम से शुद्ध जल सप्लाय सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम की टीम लगातार विभिन्न वार्डों में निरीक्षण कर रही है। जल सप्लाय के दौरान नलों से पानी के सैंपल लेकर उनकी गुणवत्ता की जांच की जा रही है।

इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 19 के रामचंद्र नगर में निगम की टीम ने घर-घर जाकर नलों के पानी की स्थिति को परखा। निरीक्षण के दौरान टीम को नंदा नगर क्षेत्र में सीवरेज लाइन फूटने की शिकायत प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही निगम की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल सीवरेज लाइन के लीकेज को दुरुस्त किया। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि भले ही सीवरेज लाइन में फॉल्ट था, लेकिन नर्मदा पाइपलाइन पूरी तरह सुरक्षित रही और उसमें किसी प्रकार का लीकेज नहीं पाया गया। वार्ड क्रमांक 17 में निगम की टीम ने पहुंचकर नलों से आ रहे पानी की जांच की और रहवासियों से चर्चा की। जांच के दौरान स्थानीय लोगों ने बताया कि नलों से सप्लाय हो रहा पानी साफ है और उसमें किसी तरह की गंदगी व बदबू नहीं है। नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर यह निरीक्षण अभियान प्रतिदिन चलाया जा रहा है। निगम की टीमें नियमित रूप से पेयजल सप्लाय के समय पानी की गुणवत्ता की जांच कर रही हैं। फिलहाल शहर के किसी भी क्षेत्र में गंदे पानी की स्थिति नहीं है। वहीं शिप्रा वाटर प्लांट पर शनिवार को पानी के पांच सैंपल प्राप्त हुए हैं, जिनकी जांच की गई। पानी गुणवत्तापूर्ण पाया गया।





#### निगम ने की कार्रवाई

निगम राजस्व विभाग की टीम के द्वारा जलकर दाताओं पर फोकस करते हुए जलकर की बकाया राशि की वसुली सख्ती से की जा रही है। बकाया जलकर की राशि जमा नही होने पर नल कनेक्शन विच्छेद तत्काल मौके पर ही किए जा रहे है जिसके अन्तर्गत वार्ड 6 नोसराबाद कालोनी मे जलकर दाताओं से जलकर की बकाया राशि 63 हजार की वसुली राजस्व की टीम के द्वारा की गई। इसी प्रकार जलकर की 53 हजार की राशि जमा नही करने पर जलकर दाताओं के तीन नल कनेक्शन विच्छेद किए जाकर तीन दिवस मे राशि जमा करने की चेतावनी दी गई। तीन दिवस मे राशि जमा नही करने पर नल कनेक्शन विच्छेद करने के साथ ही कुर्की की कार्यवाही की जाएगी। कार्यवाही मे निगम राजस्व विभाग की टीम उपस्थित रही।


# आरटीओ ने नियम विरुद्ध चल रही स्लीपर बसों पर की चालानी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में परिवहन विभाग द्वारा कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान के निर्देशन में जांच दल प्रभारी मीनाक्षी गोखले के नेतृत्व में रविवार अलसुबह 04 बजे से स्लीपर बसों में सुरक्षा मानकों की जांच की गई, इस विशेष जांच अभियान में स्लीपर बसों में शासन द्वारा तय सुरक्षा मानकों को जांचा गया। जांच कार्यवाही में बस चालक तथा यात्रियों के मध्य नियम विरुद्ध लगाए जाने वाले गेट को तत्काल मौके पर हटवाया गया, जांच में 18 बसों से गेट को हटवाया गया, साथ ही आपातकालीन दरवाजों तथा खिड़की पर लगी सीटों को भी मौके पर ही हटवाया गया। आगजनी की घटनाओं के मद्देनजर अग्निशमन की जांच की गई, जांच टीम द्वारा सभी बस चालकों को 5-5 kg के दो या 10 किलो का एक अग्निशमन बसों में लगवाने के लिए कहा गया, जिन बसों में आग बुझाने का यंत्र नहीं पाया गया, उन बसों पर सख्ती से चालानी कार्यवाही की गई। कुल 62 बसों की जांच की गई, जिसमें 12 बसों में कमी पाए जाने पर 51 हजार रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। आरटीओ अधिकारी चौहान ने बताया कि देवास जिले के सभी मार्गों पर चलने वाली स्लीपर बसों पर सुरक्षा मानकों की जांच का जा रही है।

## प्रवासी परिंदा की तरह आए और यहीं बस गए थे जनार्दन शर्मा: रघुवर गोहिया



**सीहोर।** सोमवार को सुकवि पंडित जनार्दन शर्मा स्मृति सम्मान समारोह उनकी 47वीं पुण्य तिथि पर नगर के रैंबो प्ले स्कूल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व नपा अध्यक राकेश राय थे।

अपने संबोधन में श्री राय ने कहा कि सीहोर अपने शहर के बुजुर्गों और सभी क्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान करने में अग्रणी रहा है। स्व. जनार्दन शर्मा की स्मृति में यह आयोजन करने के लिए मैं अंबादत्त भारतीय स्मृति संग्रहालय और शोध संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष रघुवर दयाल गोहिया और अभा साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल को साधुवाद देता हूं। कार्यक्रम के बारे में और स्व. जनार्दन शर्मा के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से जानकारी रघुवर दयाल गोहिया ने दी। उन्होंने कहा कि जनार्दन शर्मा स्वभाव से जुझारू और संघर्षशील व्यक्ति थे। उनकी रचनाओं में भी यही जुझारूपन, विद्रोह और संघर्ष करने की धार नजर आती है। वह प्रवासी परिंदे की तरह अकेले उत्तरप्रदेश के एक छोटे से गांव से यहां आए और यहीं के होकर रह गए। इस शहर ने उनके नहीं रहने के बाद उन्हें पहचाना। यह बहुत बड़ी बात है कि उनके निधन के 47 वर्षों के बाद भी सीहोर के साहित्यकार जनार्दन को समारोह आयोजित कर याद करते हैं। समारोह का सफल संचालन डॉ. ब्रिजेंद्र जायसवाल ने किया।

इस अवसर पर काव्य गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। काव्य गोष्ठी में सर्वश्री रामनारायण राठौर, हरिओम शर्मा, द्वारिका बांसुरिया, विनोद पंसारी, जयमाल सिंह राजपाल, धर्मराज देशराज, त्रिलोचन प्रसाद दुबे, हीरालाल जायसवाल अनाड़ी, ओम दीप, हरिश चंद्र आर्य, जोरावर सिंह, लक्ष्मण सिंह चौकसे, हीरालाल शर्मा, गोविन्द लोवानिया, जितेंद्र नारोलिया, संतोष हिन्दू सनातनी, निर्मल पचोरी, कैलाश चव्हाण, संतोष जैन संतू, डॉ. विजेन्द्र जायसवाल, राहुल ठाकुर आदि ने अपनी रचनाओं का सस्वर पाठ किया।

# बीएलओ किसी के दबाव में न आएं: राजीव गुजराती

**कांग्रेसजनों ने सौंपा जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश अध्यक्ष जीतु पटवारी के निर्देशानुसार सीहोर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। राजीव गुजराती ने ज्ञापन का वाचन करते हुए कहा कि फार्म 07 की तिथिवार/बूथवार जानकारी प्रदान की जावे एवं यह सुनिश्चित किया जावे कि फार्म 07 वही मान्य हों जो निर्वाचन आयोग द्वारा छपवाकर दिये गये हैं, अन्य फार्म स्वीकार नहीं किए जाएँ। यदि निर्वाचन आयोग से बाहर के छपे फार्म 07 जमा किए गये हों तो उन्हें निरस्त किया जावे।

एक दिन में अधिकतम 15 फार्म ही स्वीकार किये जावे। एक दिन में 15 से अधिक फार्म जमा नही किये जावे, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि गलत नाम तो नही जोड़े जा रहे हैं।

फार्म नं. 07 की अंतिम तीन दिन की जानकारी हमें दी जावे ताकि किस बूथ पर कितने फार्म जमा हो रहे हैं, हमारे द्वारा इसका अवलोकन किया जा सके। सत्ता धारी दल के लोगो द्वारा सरकारी बीएलओ पर नाम कटवाने का दबाव बनाया जा रहा है जोकि अनुचित है और पूर्णतः नियम विरुद्ध है। इसे तत्काल रोका जाए। राजीव गुजराती ने आगे यह भी कहा कि हमारे बीएलए द्वारा बताया गया है कि कई पोलिंग बूथों पर सरकारी बीएलओ नाम जोडन्े में आनाकानी कर रहे हैं और वह अपने पोलिंग बूथ पर नहीं पहुंच रहे हैं। सरकारी बीएलओ किसी भी दबाव में ना आए और ना ही गलत नाम जोड़ सके। ऐसा सुनिश्चित किया जाए कि जिले के सभी बीएलओ के जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया जाए ताकि वह किसी भी प्रकार के दवाब में ना आकर निष्पक्ष रूप से एसआईआर में कार्य कर सके। यदि किसी भी बीएलओ द्वारा अनैतिक कार्य करने का प्रयास किया तो उन पर तत्काल कार्यवाही की जाए ।

इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों में प्रमुख रूप से विवेक राठौर, प्रीतम दयाल चौरसिया, सुनील दुबे, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, हरिओम सिसोदिया, अनुभव सेन, विक्की विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



## पीएम श्री बालक विद्यालय में तीन दिवसीय इंटर हाउस कंपटीशन का शुभारंभ




**भैरूंदा।** पीएम श्री शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को तीन दिवसीय इंटर हाउस कंपटीशन का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ की गई। शुभारंभ अवसर पर रमा शिशिर, चेतना सोलंकी, अशफाक मंसूरी, चित्रलेखा पचौरी, राधिका जैमिनी एवं अर्जुन सिंह सोलंकी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत स्वागत गीत एवं फूलमालाओं के साथ किया गया। मुख्य अतिथि चित्रलेखा पचौरी ने बच्चों को खेलकूद के महत्व से अवगत कराते हुए 'दो चूहों' की कविता पूरे हाव-भाव के साथ सुनाई, जिसमें बच्चे उत्साहपूर्वक उनके साथ कविता दोहराते नजर आए। यह दृश्य सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

चेतना सोलंकी ने खेल भावना और अनुशासन पर प्रकाश डाला, वहीं अर्जुन सिंह सोलंकी ने खेलों से जीवन में आने वाले सकारात्मक बदलावों की जानकारी दी। रमा शिशिर ने टीमवर्क और सहयोग की भावना के विकास पर जोर दिया। संस्था की वरिष्ठ शिक्षिका रूक्मणी दुबे ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य राकेश वर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पीएम श्री योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने और समग्र शिक्षा प्रदान करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। मंच संचालन सारिका पाठक द्वारा किया गया। इस दौरान कबड्डी टीम से अतिथियों ने मुलाकात की और टॉस कराकर मैच का शुभारंभ कराया। खेल शिक्षक पंकज वर्मा एवं स्वतंत्र विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता का समापन 21 जनवरी 2026 को अपराह्न 3 बजे होगा, जिसमें विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इंटर हाउस कंपटीशन के सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा, जिनमें रंजीता सैनी, रामनाथ मालवीय, राजेश पारे, स्निग्ध नागवे, वंदना दुबे, शसुनीता उईके, दीपिका शर्मा एवं रितिका शर्मा शामिल रहे।

## हिंदू सम्मेलन में अयोध्याधाम की झांकी रही आकर्षण का केंद्र




**भैरुंदा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को भैरुंदा नगर की केशव बस्ती में विशाल हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। शुभम कॉन्वेंट विद्यालय के पीछे स्थित मैदान में आयोजित इस सम्मेलन में आस्था, संस्कृति और समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला। आयोजन की शुरुआत राधा-कृष्ण मंदिर से निकली कलश यात्रा से हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा नगर जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के मुख्य मार्ग पर अयोध्या धाम की भव्य झांकी आकर्षण का केंद्र रही। झांकी में सीता रसोई, चौका-चूल्हा, मक्खन मथनी, शबरी की कुटिया और लव-कुश पुस्तकालय जैसी सजीव प्रस्तुतियां सजाई गईं, जिन्होंने सनातन संस्कृति की झलक को जीवंत कर दिया। नगर मानो ग्राम दर्शन का केंद्र बन गया। आयोजन स्थल पर घास की झोपड़ी, बैलगाड़ी और पारंपरिक घरेलू साज-सामान के माध्यम से ग्रामीण परिवेश को साकार किया गया, जिसने लोगों को पुराने गांवों की सादगी और आत्मीयता की याद दिला दी।

हिंदू सम्मेलन में बस्ती के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। मुख्य मार्ग को धार्मिक और सांस्कृतिक रंगों से सजाया गया। बच्चों ने भगवान रामलला, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमानजी का सजीव रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की अनुशासित प्रस्तुति, वेशभूषा और भाव-भंगिमा को देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। मार्ग के दोनों ओर खड़े नागरिकों ने "जय श्रीराम" के जयघोष के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। मंच पर मुख्य वक्ता ब्रजकिशोर भार्गव (प्रांत ग्राम विकास प्रमुख, मध्यभारत प्रांत), मातृशक्ति वक्ता चित्रलेखा पचौरी, संत वक्ता ब्रह्म कुमारी उर्मिला तथा हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता ब्रजकिशोर भार्गव ने कहा कि भारत की सीमाएं देव-निर्मित हैं, इसलिए इसे देवभूमि कहा जाता है। विश्व में केवल हिंदू ही पृथ्वी को माता मानते हैं, इसी भाव से "भारत माता की जय" का उद्घोष करते हैं। उन्होंने समरसता पर बल देते हुए कहा कि जिस प्रकार भगवान राम ने शबरी के झूठे बेर स्वीकार किए, उसी तरह समाज में भेदभाव त्यागकर भाईचारे का व्यवहार अपनाना चाहिए। 'स्व' का बोध कराते हुए उन्होंने भजन, भोजन, भाषण और भूषा में स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है, इसी कारण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष में ग्राम-ग्राम और बस्ती-बस्तियों में हिंदू सम्मेलन आयोजित कर रहा है, ताकि हमारी पुरातन संस्कृति और संस्कार पद्धति का पुनर्जागरण हो।

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित, जनजातीय कार्य विभाग, (म.प्र)
सीहोर - इंदौर बाईपास रोड, R.T.O ऑफिस के सामने, क्रिसेंट चौराहा, सीहोर (म.प्र) 466001 मो.नं.- 9616088184
Email : sehoreksp@gmail.com
website: www.kspsehore.ac.in
दिनांक 20 जनवरी 2026

निम्नलिखित वस्तुओं/सेवाओं की खरीद हेतु प्रतिष्ठित/पंजीकृत/ अधिकृत डीलरों, विक्रेताओं एवं सेवा प्रदाताओं से ई– निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं : A) ड्राई राशन एवं प्रसाधन सामग्री B) स्टेशनरी सामग्री C) स्कूल यूनिफॉर्म एवं फुटवियर D) भोजन बनाने हेतु ठेकेदार । उपरोक्त निविदाएं स्कूल की वेबसाइट www.kspsehore.ac.in तथा https://MPtenders.gov.in/nicgep/app पर 20 जनवरी से 10 फरवरी 2026 तक उपलब्ध है।

प्रिंसिपल

**निर्माण ठेका सूचना**

संस्था का पुराना गोदाम तोड़कर नया गोदाम निर्माण करना है। इसके लिए इच्छुक ठेकेदार ठेका लेने के लिए अपना आवेदन संस्था मुख्यालय भवन पर तीन दिवस में प्रेषित करें। जिनका कम रेट होगा उसे ही ठेका दिया जावेगा और सभी प्रकार से बैंक के आदेशों का पालन करना पड़ेगा।

**बहु उद्देशीय प्रा.कृषि साख सह. संस्था मर्यादित खाचरोद, जिला सीहोर**

### सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों में लापरवाही पर कलेक्टर ने दिखाई सख्ती

# रेलवे-नेशनल हाईवे भू-अर्जन में हो रहे विलंब पर कलेक्टर ने अधिकारियों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के समय पर एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण नहीं होने पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि जिन अधिकारियों द्वारा निर्धारित समय-सीमा में शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान नहीं किया जाएगा, उन पर जुर्माना लगाया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लें, आवेदकों से समन्वय बनाए रखें तथा फीडबैक के साथ प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को वास्तविक और समयबद्ध राहत मिल सके।

उन्होंने नेशनल हाईवे परियोजना के लिए भू-अर्जन की कार्रवाई में हो रहे विलंब पर घोर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि भू-अर्जन में देरी के कारण परियोजनाओं की शुरुआत प्रभावित हो रही है, जिससे आम जनता को सुविधाएं मिलने में अनावश्यक विलंब हो रहा है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस कार्य में आपसी समन्वय के साथ आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने रेलवे एवं नेशनल हाईवे परियोजनाओं के लिए आवश्यक भू-अर्जन की कार्रवाई जल्द से जल्द पूरी करने के निर्देश भी दिए, ताकि विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके और जनता को जल्द लाभ मिल सके। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिलेभर में जल संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु जल सुनवाई आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति, जलस्तर, हैंडपंप, नल-जल योजना सहित अन्य जल संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका समयबद्ध निराकरण किया जाए। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ जल सुनवाई का आयोजन करने, आमजन की समस्याएं मौके पर सुनने और तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को शीघ्र राहत मिल सके। कलेक्टर बालागुरू के. ने शासकीय उचित मूल्य दुकानों से राशन वितरण की समीक्षा के दौरान राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संदिग्ध एवं अपात्र हितग्राहियों के नाम सूची से हटाए जाएं, ताकि वास्तविक और पात्र हितग्राहियों के नाम जोड़े जा सकें। कलेक्टर ने मध्याह्न भोजन योजना के तहत खाद्यान्न के उठाव एवं वितरण को समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाएं।

कलेक्टर बालागुरू के. ने भावान्तर भुगतान योजना के तहत सोयाबीन की खरीदी के लिए निर्धारित अंतिम तिथि तक की गई समस्त खरीदी की जानकारी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार सत्यापन सहित अन्य आवश्यक कार्यवाहियों को शीघ्र पूर्ण करने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना के अंतर्गत सभी पात्र किसानों का भुगतान समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जिन किसानों के ई-पेमेंट असफल (फेल) हुए हैं, उनके प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द रिपेमेंट कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में संचालित संकल्प से समाधान अभियान संचालन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों एवं समस्याओं के निराकरण में गति लाने, विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा आमजन को समय पर राहत उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह अभियान 31 मार्च 2026 तक ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय, तहसील एवं जिला स्तर पर संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत भारत सरकार एवं राज्य शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं सहित अन्य सेवाओं का लाभ निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप पात्र हितग्राहियों को प्रदान किया जा रहा है।


जिला अस्पताल में हो रही सीटी स्कैन और पैथॉलौजी कंपनी के बिलों में 50 प्रतिशत तक की आई कमी

# स्वास्थ्य अधिकारियों ने सरकारी पैसे की अनियमितता पर लगाया अंकुश

**सीएमएचओ और सिविल सर्जन दोनों ने कहा फिजूलखर्ची रोकने के प्रयास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिला अस्पताल में सीएमएचओ डॉ शोभा पटेल और सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा के प्रयास रंग लाने लगे हैं। जिससे महीनों से हो रही फिजूल जॉचों पर अधिकारियों ने अंकुश लगाते हुए सरकार का लाखों रूप्ए बचाने का प्रयास किया है। एक ओर जहां पर पैथालॉली एवं सिटी स्कैन में जहां लाखों रूप्ए का बिल प्रतिमाह संबंधित कंपनियों को दिया जाता था वहीं आज स्थिती यह है कि उन्हीं का बिल लगभग 50 प्रतिशत तक कम हो गया है । तब इस बारे में संबंधित अधिकारियों से बात की गई तो उन्होने बताया कि पहले न चाहते हुए भी कई मरीजों की जांचे बिना बजह की जा रहीं थी जिसको लेकरहमने संबंधित डॉक्टर से बात करके इसकों उपयोगिता के अनुसार जांच करवाने की बात कहीं जिस पर समस्त मेडीकल स्टॉफ ने अपनी सहमती दी जिससे यह काम संभव हो पाया। आज स्थिती यह है कि वास्को सिटी स्कैन एवं भोपाल की पैथालॉजी कंपनी पोक्ट साइंस हाउस प्रा लिमी की कार्यशैली में परिवर्तन आया है और जांच का दायरा कम होते हुए सरकार का लाखों रूप्ए बचाने के प्रयास किए जा रहे है।


TAX INVOICE

POCT SCIENCE HOUSE PVT LTD (FY 25-26)
Sector 1, 17/1, Shanti Niketan Colony
Bhopal, MP-462023
GSTIN/UIN: 23AAKCP2939C1ZL
State Name: Madhya Pradesh, Code: 23
Email: accounts@shmpl.com

Invoice No.: PSHPL25-26-00534 | Dated: 31/10/2025
Reference No. & Date: PSHPL25-26-00534 dt. 31/10/2025

Bill To:
DISTRICT GOVT. HOSPITAL-RAJGARH
RAJGARH, 465661
GSTIN: 23BPLC01849B1DP
State Name: Madhya Pradesh
Billing Period: 01 Oct 2025 to 31 Oct 2025

| S.No. | Description of Services | HSN/SAC | Amount |
|---|---|---|---|
| 1. | Service Provider on Wet Lease Basis Reagent Rental | 999316 | 2216934.00 |
| | Output CGST | | 199524.06 |
| | Output SGST | | 199524.06 |
| | Round Off | | 0.00 |
| | Total | | 2615982.00 |


Amount Chargeable (in words): E. & O.E
INR Twenty Six Lakh Fifteen Thousand Nine Hundred Eighty Two Rupees Only

| HSN/SAC | Taxable values | CGST Rate | CGST Amount | SGST Rate | SGST Amount | Total Tax Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 999316 | 2,216,934.00 | 9% | 199,524.06 | 9% | 199,524.06 | 399048.00 |
| Total | 2,216,934.00 | | 199,524.06 | | 199,524.06 | 399048.00 |

Tax Amount (in words): INR Three Lakh Ninety Nine Thousand Forty Eight Rupees Only
Company's PAN: AAKCP2939C
Declaration: We declare that this invoice shows the actual price of the goods described and that all particulars are true and correct
FOR POCT SCIENCE HOUSE PVT LTD- BHOPAL (FY 25-26)
Authorised Signatory

Note:
1. Make all cheques/NEFT/RTGS payable to POCT Science House Pvt Ltd
2. Bank Name: HDFC Bank, Account No.: 50200041752391, IFSC: HDFC0009367

AUTHORISED SIGNATORY
forwarded to CS for
NODAL OFFICER / PATHOLOGIST
Page 1 of 6


TAX INVOICE

POCT SCIENCE HOUSE PVT LTD (FY 25-26)

Note:
1. Make all cheques/NEFT/RTGS payable to POCT Science House Pvt Ltd
2. Bank Name: HDFC Bank, Account No.: 50200041752391, IFSC: HDFC0009367

AUTHORISED SIGNATORY
NODAL OFFICER / PATHOLOGIST

## लाखों रुपए के बिल हुए आधे

जिला अस्पताल में काम करने वाली पूंरा लिं कंपनी भोपाल की पैथालॉजी कंपनपी पोक्ट साइंस हाउस प्रा लिमी एवं वास्कों सिटी स्कैन द्धारा पूर्व में लाखों रूप्ए के बिल दिए जा रहे थे जो बिना किसी रोक-टोक के पास भी हो रहे थे परंतु सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा एवं सीएमएचओं डॉ शोभा पटेल के प्रयासों से हाल ही के महीनों में इन्हीं कंपनियों के बिल लगभग आधे हो चले है । जिला मुख्यालय में पर यह पहली बार है कि संबंधित कंपनियों की बिल राशि लगभग आधी हो गई है जिससे सरकार को आने वाले सालों में करोडों रूप्ए की राशि की बचत होगी।

**एक निगाह इन आंकडों पर**

### भोपाल की पैथालॉजी कंपन पी पोक्ट साइंस हाउस प्रा लिमी द्धारा दिए गए बिल की राशि

- दिसंबर में राशि - 19 लाख 55 हजार
- नवंबर में राशि - 23 लाख 64 हजार
- अक्टूबर में राशि - 28 लाख 15 हजार
- सितंबर में राशि - 27 लाख 95 हजार

यह आंकडे यह बताने के लिए काफी है कि यदि किसी विभाग की व्यवस्था बदतली है तो बहुत कुछ बातें अच्छी भी होती है । उपरोक्त ऑकडें यह बता रहे है कि जिस कंपनी का बिल 28 लाख के आसपास रहा वह दिसंबर में 19 लाख 55 हजार तक आ गया जिससे यह कहा जा सकता है कि अधिकारी चाहें तो कंपनियों की बिलिंग को कम किया जा सकता है।

### सिटी स्कैन का बिल भी हुआ आधा

सालों से जिला अस्पताल में चल रही वास्कों कंपनी की सिटी स्कैन पर भी अधिकारियों ने अंकुश लगाकर उसके बिल को लगभग आधा कर दिया है सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा ने बताया कि हमने नोटिस जारी कर फिजूल हो रही जाचों पर प्रतिबंध लगाने की बात कहीं है जिसमें समस्त डॉ का सहयोग मिल रहा है और हम शासन का पैसा बचाने के लिए लगातर प्रयास कर रहे हैं। हाल ही में वास्कों को मासिक बिल भी लगभग 50 प्रतिशत तक कम हुआ है ।

# सीआरपीएफ जवान की बाइक पेड़ से टकराई, तोड़ दिया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

मेरी पत्नी खाना लेकर बेटी होगी कह कर निकले जवान सीआरपीएफ जवान की हुई मौत बाइक पेड़ से ट्रक घर पर पत्नी खाना लेकर इंतजार कर रही होगी... यह कहकर दोस्त से विदा लेने वाले सीआरपीएफ जवान को शायद अंदाजा भी नहीं था कि यह उसकी जिंदगी की आखिरी बात साबित होगी। पांच दिन की छुट्टी लेकर गांव लौट रहे सीआरपीएफ जवान की शनिवार रात सड़क हादसे में मौत हो गई।

मृतक की पहचान हालाहेड़ी गांव निवासी 35 वर्षीय सुरेश वर्मा के रूप में हुई है, जो वर्तमान में भोपाल में सीआरपीएफ में पदस्थ था। हादसा हालाहेड़ी गांव से महज डेढ़ किलोमीटर पहले तालाब के पास मोड़ पर हुआ, जहां तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे नीम के पेड़ से टकरा गई।



### भोपाल से बाइक से निकले थे दोनों दोस्त

सुरेश वर्मा शनिवार को पांच दिन की छुट्टी लेकर भोपाल से गांव लौट रहा था। उसके साथ सीआरपीएफ में ही पदस्थ उसका दोस्त रामेश्वर दांगी भी था, जो हिनोत्या गांव का निवासी है। दोनों दोपहर करीब साढ़े 12 बजे बाइक से रवाना हुए थे। रामेश्वर दांगी के मुताबिक, रास्ते में सुरेश की पल्सर बाइक के हैंडल और कुछ पार्ट्स ढीले महसूस हो रहे थे। एहतियात के तौर पर दोनों एक शोरूम पर रुके और मैकेनिक से बाइक की मरम्मत करवाई। इसके बाद वे धीरे-धीरे आगे बढ़े। शाम करीब साढ़े 7 बजे खिलचीपुर पहुंचकर सब्जी भी खरीदी।

### घर में इंतजार, अस्पताल से आई मौत की खबर

सूचना मिलते ही ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे। सुरेश को तुरंत खिलचीपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस वक्त घर में उसके आने की तैयारी चल रही थी, उसी समय अस्पताल से मौत की खबर पहुंची। गांव में जवान की मौत से शोक का माहौल है। सीआरपीएफ जवान सुरेश वर्मा एक साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखता था। उसके पिता बापू वर्मा खेती-किसानी करते हैं। परिवार में मां, बड़े भाई मुकेश वर्मा और अन्य परिजन हैं। सुरेश की शादी वर्ष 2009 में भूमका गांव निवासी रीना वर्मा से हुई थी।

## हिन्दू सम्मेलन में ध्वज और कलश निकालकर किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

भोजपुर मंडल का हिंदू सम्मेलन के निमित्त भुमिपूजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे देश भर में चल रहे हिंदू सम्मेलन की भोजपुर मंडल का हिंदू महासम्मेलन 27 जनवरी 2026 मंगलवार को बालाजी महाराज की डूंगरी में संपन्न होगा। जिसके निमित्त श्रीराम मंदिर से कलश व ध्वज यात्रा प्रारंभ होकर श्री बालाजी महाराज मन्दिर डूँगरी पर भुमिपूजन कार्यक्रम हुआ।जिसमे मंडल के सभी गांवों के सभी समाज के सामजिक बंधु मौजूद थे। कार्यक्रम में संघ के विभाग कुटुम्ब प्रबोधन संयोजक राजेंद्र शर्मा ने कहा कि सभी समाज को साथ में लेकर, समरसता का भाव भरते हुए भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने कार्यों में उतारते हुए सभी कार्य किए जाने चाहिए।

श्मशान के अभाव में अंत्येष्टि को तरस रहे ग्रामीण, अनदेखी बनी सबब

# ग्राम पगारी में श्मशान के अभाव से ग्रामीणों को परेशानी, आवंटित भूमि भी बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के ग्राम पगारी में शमशान (मुक्तिधाम) की उचित व्यवस्था न होने के कारण ग्रामीणों को आए दिन गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील समय में परिजनों को सम्मानजनक स्थान तक भी कठिनाई से पहुंचना पड़ता है, जिससे शोक की घड़ी और अधिक पीड़ादायक बन जाती है।



ग्रामीणों का कहना है कि गांव के लिए जो भूमि शमशान हेतु आवंटित की गई है, वह वर्तमान में पूरी तरह उपेक्षित अवस्था में है। उस भूमि पर चारों ओर कांटेदार झाड़ियां उगी हुई हैं, जगह-जगह गहरे गड्ढे हैं और समतलीकरण का कोई कार्य नहीं किया गया है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी विकट हो जाती है, जब पानी भर जाने से वहां पहुंचना तक संभव नहीं हो पाता। ग्रामीण बताते हैं कि कई बार अंतिम संस्कार के समय उचित स्थान न मिलने के कारण उन्हें अस्थायी और असुविधाजनक स्थानों पर संस्कार करना पड़ता है, जो न केवल परंपराओं के विरुद्ध है बल्कि मानवीय दृष्टि से भी अत्यंत पीड़ादायक स्थिति है।

# संघ शताब्दी वर्ष पर तारागंज में हुआ भव्य हिंदू सम्मेलन, समरसता सहभोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे देश में शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। इसी क्रम में ब्यावरा जिले के अंतर्गत सारंगपुर खंड के ग्राम तारागंज में रविवार को भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरा गांव भगवा ध्वजों, तोरणों एवं धार्मिक प्रतीकों से सजाया गया, जिससे वातावरण पूर्णतः सनातन संस्कृति से ओतप्रोत दिखाई दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक कलश यात्रा से हुई, जिसमें महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चे उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। कलश यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर सम्मेलन स्थल तक पहुंची, कलश यात्रा का




मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जहां विधिवत पूजन-अर्चन एवं मंचासीन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंच पर संत लक्ष्मी नारायण बैरागी संत मांगीलाल बैरागी संत राधेश्याम विश्वकर्मा सहित अन्य साधु-संतों का सानिध्य प्राप्त हुआ, जिनके आशीर्वचनों से उपस्थित जनसमूह को मार्गदर्शन मिला। सम्मेलन के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड प्रचारक विश्वास सिह ने अपने उद्बोधन में संघ के 100 वर्षों की राष्ट्रसेवा यात्रा पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता, हिंदू एकता, राष्ट्रभक्ति एवं सांस्कृतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, मां-बेटे सहित तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

राजगढ़ रोड स्थित बामलाबे जोड़ के पास शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मां बेटा सहित सड़क किनारे खड़ा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों को एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हुकुमसिंह पिता बीरम सौंधिया 35 अपनी मां गंगाबाई सौंधिया 55 निवासी हयातपुरा बाइक से राजगढ़ की ओर जा रहे थे उसी दौरान बामलाबे जोड़ के तेज रफ्तार कर ने बाइक को टक्कर जिसमे मां बेटे सहित सड़क किनारे खड़ा युवक



कल्लू पिता छोटेलाल जाटव 30 गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक कार लेकर फरार हो गया। दोनों घायल मां बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहा से प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया। घायल कल्लू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस सिविल अस्पताल पहुंची, जहां घायलों के बयान दर्ज किए गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## चीनी वस्तुओं का किया बहिष्कार, रोपे गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

विशाल हिंदू सम्मेलन के निमित्त नगर खुजनेर में 10 दिनों तक अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे शनिवार को भव्य सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ।



रविवार को छत्रपति शिवाजी बस स्टैंड परिसर पर सकल हिंदू समाज द्वारा में विदेशी वस्तुओं एवं चीन के प्रोडक्ट का बहिष्कार किया गया और स्वदेशी अपनाओ दिवस मनाया गया है जिसमें प्रांत बौद्धिक प्रमुख प्रमोद पंवार सहित नगर के व्यापारी बंधु और सकल हिंदू समाज के कार्यकर्ता मौजूद रहे,मुख्य वक्ता के रूप में धर्मजागरण विभाग प्रमुख गजराज सिंह राजपूत ने बताया कि समस्त भारत वासियों को स्वदेशी वस्तुओं की और लौटना पड़ेगा तब जाकर हम भारत को एक भव्य राष्ट बना सकेंगे हम लोगों को स्वयं पर निर्भर होना पड़ेगा हमें विदेशी वस्तुओं का उपयोग नहीं करना है वही पर्यावरण को लगातार हमें सुरक्षित रखना चाहिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपना शताब्दी वर्ष बना रहा है संघ के पांच प्रमुख बिंदु हैं पर्यावरण समरसता कुटुंब प्रबोधन स्वदेशी इन सभी विचारों पर संघ लगातार कार्यरत है।

# हिन्दू समागम सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

रविवार को पीलूखेड़ी मंडल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन ग्राम गीलाखेड़ी में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में क्षेत्रभर से हजारों की संख्या में समाज के विभिन्न वर्गों के समाजबंधु शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर धर्म, संस्कार, संगठन और समरसता का बातावरण देखने को मिला। वक्ताओं ने हिंदुत्व के मूल सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पंच परिवर्तन-कुटुंब



प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्व का बोध एवं नागरिक कर्तव्य पर अपने विचार रखे। वही ऊपर उठकर संगठित रहने, परिवार एवं समाज में समरसता बनाए रखने तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं समाजबंधुओं ने सहभागिता की।

## जन अभियान परिषद ने ग्राम विकास पखवाड़ा के तहत की गई संगोष्ठी आयोजित

**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सारंगपुर द्वारा रविवार को स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय परिसर में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत ग्राम विकास पखवाड़ा के तहत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण सहभागिता को सशक्त बनाना तथा सामाजिक जागरूकता के माध्यम से समग्र ग्राम विकास की दिशा में जनसहभागिता को बढ़ावा देना रहा। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महादेव मित्र मंडल के संगठन मंत्री समाजसेवी दिनेश सिसौदिया ने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## भगवान के भरोसे जिनकी नाव चले उसका कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता : आचार्य सोनू

**जीरापुर।** नगर के पिपल्या रोड़ श्री बागवाले हनुमान मंदिर गोप चैहान जी महाराज पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में व्यास आचार्य पंडित सोनू शर्मा कुरावर के मुखारविंद से श्रोताओं को श्रवण कराते हुए बताया कि भगवान के भरोसे जिसकी नाव चले उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। उन्होंने बताया कि अश्वत्थामा ने जो प्रतिज्ञा कर पाण्डव के सिर काटना चाहे लेकिन भगवान कृष्ण साथ उनका आशीर्वाद से पाण्डव के सिर बच गए और अंत ऐसा हुआ कि दुर्योधन का ही प्राणांत हुआ। द्रोपदी प्रसंग को विस्तार से सुनाया। ब्रह्म हत्या ना करनी चाहिए न कभी होने देना चाहिए यह सबसे बड़ा पाप है।

कालीपीठ में आयोजित हो रहा एनएसएस का शिविर

# विद्यार्थियों ने गांव में साफ-सफाई करके दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय स्थित शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना(एनएसएस) ईकाई के तत्वावधान में समीपस्थ ग्राम कालीपीठ में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के तहत गांव में रविवार को स्वच्छता जागरुकता से जुड़ी कईं गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने गांव के विभिन्न मोहल्लों, चैक-चैराहों पर पहुंचकर हाथ में झाड़ू उठाते हुए साफ-सफाई की। बस स्टैंड पर हुए स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने उत्साह के साथ कचरा सहित आसपास फैली पॉलीथीन को समेटते हुए सफाई के प्रति जागरुकता का संदेश दिया। इस




दौरान संगठन प्रभारी डॉ. शैलेंद्र मेवाड़ा ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़े पहलुओं से अवगत कराया। सफाई अभियान उपरान्त विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता को ही संबंध में गाव में एक रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान नारे लगाते हुए स्थानीय रहवासियों से अपने आसपास एवं क्षेत्र में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ स्वयंसेवकों में आनंद शर्मा, तुषार साहू, गोविंद गुर्जर, राजमोहन नरवरिया, शिवानी सूर्यवंशी, अनीता तंवर, आकांक्षा खरे सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। आज सोमवार को विविध कार्यक्रमों उपरान्त शिविर का समापन होगा।

## हाटकेश्वर धाम समिति ने किया सम्मान




**ब्यावरा।** हाटकेश्वर धाम समिति कचनारिया के द्वारा नगर के सिस्टर निवेदिता विधालय एवं विवेकानंद हायर सेकंडरी स्कूल की ब्राच 1 व 2 द्वारा विवेकानंद जयंती के अवसर पर जो झांकियां प्रस्तुत की थी उससे प्रभावित होकर हाटकेश्वर समिति के सदस्यों ने स्कूल की दोनों ब्रांच को सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर हाटकेश्वर समिति के अध्यक्ष रमेश नागर, बीके शर्मा, दीपक नायक, अशोक दुबे, गिरिराज शर्मा, संतोष अवस्थी, बृजेश त्रिवेदी, रामदयाल पालीवाल कचनारिया, रामनारायण चन्द्र वंशी, हरिनारायण चन्द्र वंशी, सहित स्कूल स्टाफ सम्मिलित रहा।

जशपुर कलेक्टर रोहित व्यास ने दिए संकेत

# छत्तीसगढ़ राज्य के बगिया क्षेत्र में बनेगा मोहनपुरा जैसा मॉडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रदेश की सीमा से सटे छत्तीसगढ़ राज्य का एक दल मोहनपुरा, कुंडालिया परियोजना के तकनीकी समेत सभी पहलुओं को जानने, समझने जिले के दो दिवसीय दौरे आया हुआ है। 58 सदस्यीय इस दल में छग के जशपुर जिले के कलेक्टर रोहित व्यास भी शामिल हैं। मोहनपुरा जैसी प्रेशराईज्ड सिंचाई प्रणाली को जशपुर जिले के बगिया क्षेत्र में पायलेट प्रोजेक्ट के तहत लघु सिंचाई परियोजना के रूप में अपनाया जाने वाला है। करीब 13 गांवों को मिलाकर बन रही इस परियोजना के सफल क्रियान्वयन के बाद छत्तीसगढ़ राज्य में मोहनपुरा की तरह वृहद सिंचाई परियोजना भी बन सकती है। इस बात के संकेत जशपुर कलेक्टर श्री व्यास ने दिए हैं। उक्त लघु परियोजना के सुचारू क्रियान्वयन के लिए मोहनपुरा बांध प्रबंधन ईकाई के अधिकारियों का भी सहयोग लिया जाएगा।

### दल के सदस्यों ने लाभान्वित ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन इस दल ने रविवार को फतेहपुर, धोबीपुरा, नयागांव, मुंडी सहित सूरजपुरा एवं आसपास के ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान दल ने किसानों को आ रही कुछ परेशानियों एवं उनसे निपटने के तरीके भी जाने।

परियोजना प्रशासक विकास राजोरिया ने छत्तीसगढ़ से आए दल से कहा कि सिंचाई का हमारा लक्ष्य पूरा हो गया है। अब हम सिंचाई का अतिरिक्त रकबा बढ़ाकर किसानों को और भी लाभान्वित करेंगे। हमारा शत प्रतिशत लक्ष्य इस साल पूरा होने को आया है अब और दूर दराज के छोटे क्षेत्र में पानी ले जाने हम प्रयास कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ से आए दल ने जिले में दो दिनों तक भ्रमण कर जल उपयोग दक्षता और जल प्रबंधन के लिए परियोजना को भलेहीं ही बारीकी से समझ लिया हो, लेकिन क्षेत्र विकास को ऊंचाई पर ले जाने ओर लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने कई मानव प्रयास करने होंगे।

## खबर संक्षेप

### वार्षिक युवा प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**भौरासा।** विवेकानंद युवा महामंडल मांगलिया इंदौर के तत्वावधान में रविवार को 30वां एक दिवसीय राज्य स्तरीय वार्षिक युवा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन विवेकानन्द विद्यालय प्रांगण नराणा देवास में महामंडल अध्यक्ष आर. एस. भाटिया के सानिध्य में किया गया, जिसमें विभिन्न जिलों से आए 300 युवाओं ने सहभागिता दर्ज की। शिविर में प्रसाद व्यास, राजू सैनी, आदि विषय विशेषज्ञों ने युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया।

### एडव्होकेट विजेन्द्र राणा बने प्रदेश अध्यक्ष

**देवास।** अखिल भारतीय श्री बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार ने देवास के अधिवक्ता विजेन्द्र राणा को समाज के उत्थान एवं संगठन क्षमता को देखते हुए प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। राणा द्वारा समय समय पर समाज को जागरूक कर समाज में व्याप्त कुरीतियों, अंधविश्वास, रूढीवादिता एवं समाज को सक्षम बनाने के लिए सदैव प्रयासरत है उनके द्वारा किये गये कार्यो से प्रभावित होकर समाज ने उनको यह उत्तरदायित्व सौंपा है। राणा की नियुक्ति पर विधायक गायत्री राजे पवार, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, महापौर गीता अग्रवाल, सभापति रवि जैन, ओम जोशी, भाजपा नेता मदनलाल कहार, शिव कुमार चौहान, राजकुमार मालवीय, संजु हिरवे, सतीश सिंदल उज्जैन, चिंटू मालवीय, राकेश सोलंकी, डॉ. राजेन्द्र गुजराती, गोविंद भालेराव इंदौर, विजय कटेसरिया, गोविंद मालवीय, मनोज गर्ग आदि ने बधाई दी।

## सिविल अस्पताल के पीछे नपा ने बनाया गुमटी मार्केट

# छोटे व्यापारियों को परेशानियों से मिलेगी निजात, कर सकेंगे अपना व्यापार

50 से अधिक गुमठियों का निर्माण कर व्यवस्थित गुमठी मार्केट नगरपालिका द्वारा बनाया गया।




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सिविल अस्पताल के पीछे स्थित गुमठी मार्केट से आए दिन यातायात काफी प्रभावित होता था, वहीं अतिक्रमण मुहिम के दौरान गरीब छोटे व्यापारियों की गुमठियों को हटा दिया जाता था, जिसके कारण उन्हें आर्थिक क्षति होती थी। इन सभी समस्याओं का निराकरण करने के लिए नगरपालिका निर्णय लेते हुए सभी गुमठीधारियों की गुमठियों को हटाकर समान रूप से एक साइज की गुमठी स्थापित कराई गई है। अब मार्ग भी यातायात से प्रभावित नही होता है, वहीं छोटे गरीब व्यापारियों को अतिक्रमण से भी छुटकारा मिला। लगभग 50 से अधिक गुमठियों का निर्माण कर व्यवस्थित गुमठी मार्केट नगरपालिका द्वारा बनाया गया है। इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सड़क फेरी व्यापारी संघ द्वारा आयोजित स्वागत सम्मान एवं आभार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथिगण नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, स्वच्छता ब्रांडएम्बेसेडर संध्या बजाज, कालू सोनी, अनिल धनगर द्वारा गुमठी मार्केट का फिता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि आए दिन इस मार्ग पर यातायात की समस्याएं आती थी, क्योंकि यह मार्ग बसस्टैंड जाने का प्रमुख मार्ग है साथ ही सिविल अस्पताल होने के कारण अधिकतर नागरिकगण इसी मार्ग का उपयोग करते है। ऐसी स्थिति में यातायात की समस्या और विकट हो जाती थी। इन सभी के चलते नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा द्वारा यह निर्णय लिया गया कि यातायात भी सुगम हो और छोटे व्यापारियों की दुकान व रोजगार भी यथावत रहे। उसी का परिणाम है कि आज यह मार्केट गुमठी मार्केट के नाम से नगर में पहचाना जाने लगा है। एक जैसी व एक साइज की गुमठियां स्थापित होने से जहां इस मार्ग की सुंदरता बढ़ी है, वहीं यातायात जैसी गंभीर समस्या का भी स्थायी समाधान हुआ है। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा ने यह भी कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश की भाजपानित सरकार द्वारा गरीब, बेसहारा व छोटे व्यापारियों को मजबूती प्रदान करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। आज भाजपा की सरकार जहां बच्चे के जन्म होने पर उन्हें सहायता राशि उपलब्ध कराती है, वहीं मृत्यु उपरांत भी परिवार की मदद करती है।

इस अवसर पर सुनील लखेरा, गोपाल सेन, प्रकाश, विक्रम वर्मा, महेश सुराना, सचिन धनगर, दिनेश गोस्वामी, शिव पटवा, रामू पटवा, घनश्याम लखेरा, सुनील सेन, दिनेश बरेठा, राहुल बरेठा, राजेन्द्र धनगर, कमल बागवान, लखन कचनारिया, सुमित कुशवाह, प्रकाश विश्वकर्मा,



कृपाल मेवाड़ा, राजेश राठौर, शाबीर कुरैशी, मनोज कुशवाह, महेश झाला आदि द्वारा नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा एवं वार्ड पार्षद लता तेजपाल मुकाती का आभार व्यक्त करते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा का साफा बांधकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया।

# बच्चों को सर्दी से बचने स्वेटर का किया वितरण

### एयू स्मॉल बैंक ने किया कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ग्राम केलापानी और आंवलीखेड़ा के शासकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को शहर की एयू स्मॉल बैंक शाखा द्वारा कड़कड़ाती सर्दी से बचने के लिए निःशुल्क स्वेटर का वितरण किया गया। एयू स्मॉल बैंक के शाखा मैनेजर संजय मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैंक द्वारा अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत आष्टा के ग्राम छापर और आंवलीखेड़ा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्र छात्राओं को सर्दी से बचने के लिए स्वेटर वितरित की गई। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और बच्चों को उनके शैक्षिक सफर में सहयोग देना है। इस कार्यक्रम में एयू शाखा बैंक प्रबंधक संजय मेवाड़ा ने इस अवसर पर कहा कि ए यू स्मॉल बैंक शिक्षा के महत्व को समझता है और हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हर बच्चे को आवश्यक शैक्षिक सामग्री सहित अन्य सुविधाओं को लाभ प्राप्त हो। जिससे स्कूल जाने से बच्चे वंचित न हो और यह हमारा सामाजिक दायित्व है। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य ने एयू स्मॉल बैंक के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक और बैंक शाखा प्रबंधक संजू मेवाड़ा, सचिन भाटी, मनीष सहित बैंक के अन्य सदस्य प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन तुलसी सिलावट जावर जोड़ स्थित श्री ठाकुर रेस्टोरेंट पर अल्प प्रवास पर रुके। मंत्री ने रेस्टोरेंट के संचालक राहुल ठाकुर खिरनी मेहतवाड़ा का आतिथ्य स्वीकार कर बधाई प्रेषित कि। वहीं कई विषयों पर चर्चा भी की। इसके बाद सिलावट का स्वागत किया। इस अवसर पर मानसिंह पटेल भानाखेड़ी, संजय पहलवान, राजेंद्र सिंह, नारायण सिंह, ज्ञान सिंह, सूरज पहलवान, मोहित गुरु, जितेंद्र सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राहुल ठाकुर खिरनी मेहतवाड़ा ने आभार प्रकट किया।

# नगर परिषद में पानी की शुद्धता बनाए रखने चलाया अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

नगर परिषद कोठरी के वार्ड क्रमांक 13 में स्थित पानी की टंकी से की जा रही जल आपूर्ति में शुद्धता बनाए रखने और नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से टंकी की साफ-सफाई एवं स्वच्छीकरण कार्य किया गया। यह कार्य नगर परिषद अध्यक्ष नगीना राधेश्याम दलपति और मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेंद्र सिंह जाटव के निर्देशन में संपन्न हुआ। उन्होंने शहरवासियों को शुद्ध एवं स्वच्छ जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के संबंध में संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही नागरिकों से अपील की गई कि वे पानी को उबालकर पीएं एवं आवश्यकता अनुसार ही जल का उपयोग करें। इसके अतिरिक्त पानी का संरक्षण कर जल बचाये ताकि आने वाले समय में जल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके और किसी प्रकार की जल समस्या उत्पन्न न हो।

# ग्राम पंचायत और बस स्टैंड परिसर में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

देवास-भोपाल फोरलेन पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा बहुमूल्य मानव जीवन की रक्षा के उद्देश्य से डीबीसीपीएल देवास-भोपाल कॉरिडोर प्राइवेट लिमिटेड के सीएसआर प्रबंधन द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इसी क्रम में लसुड़िया परिहार चौराहा, लसुड़िया पंचायत परिसर के साथ टैक्सी–बस स्टैंड परिसर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन, वाहन चालकों, ट्रांसपोर्टरों एवं ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के महत्व से अवगत कराया गया। डीबीसीपीएल के परियोजना प्रमुख अजय मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी के सीओ और सीईओ ने सड़क दुर्घटनाओं की गंभीर समस्या को दृष्टिगत रखते हुए अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग के लिए सख्त निर्देश दिए हैं।

इसके अंतर्गत कोहरे के समय दुर्घटनाओं से बचाव हेतु फॉग लाइट से युक्त अल्टीनेटर वाहन, सड़क स्वच्छता के लिए जटायु एवं ब्रूमर मशीनें, कैटल कैचर वाहन, कर्व एवं पुलिया पेंटिंग मशीन, तथा रूट पेट्रोलिंग वाहनों का निरंतर संचालन किया जा रहा है। साथ ही सड़क से जुड़ी इंजीनियरिंग समस्याओं का त्वरित समाधान भी प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान डीबीसीपीएल के सीएसआर प्रशासन द्वारा लोगों को यातायात



नियमों की सरल एवं व्यवहारिक समझाइश दी जा रही है तथा सभी से सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की दृढ़ प्रतिबद्धता भी ली जा रही है। साथ ही जीवन के महत्व, लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के दुष्परिणाम एवं सामाजिक जिम्मेदारियों पर भावपूर्ण संवाद किया जा रहा है।

यह सड़क सुरक्षा मुहिम देवास–भोपाल फोरलेन पर आए दिन घटित हो रही दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में डीबीसीपीएल का एक सार्थक, संवेदनशील एवं दूरदर्शी प्रयास है, जिसका उद्देश्य जनहानि को कम करना, युवाओं एवं प्रतिभाओं की रक्षा करना तथा एक सुरक्षित, अनुशासित एवं दुर्घटनारहित समाज का निर्माण करना है। इस अवसर पर सरपंच रविंद्र सिंह राजपूत, सचिव राजू कैथवात, टैक्सी यूनियन अध्यक्ष अतीक अहमद, राजेंद्र कुमार तिवारी (शिक्षक), ऊषा मंगरोलिया (शिक्षक), रेखा विश्वकर्मा (शिक्षक), भैयालाल महोबिया (शिक्षक) सहित कई नागरिक उपस्थित रहे। डीबीसीपीएल का यह प्रयास यह स्पष्ट संदेश देता है कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि मानव जीवन की रक्षा का एक सशक्त संकल्प है।

# ग्राम खड़ी हाट में भागवत कथा के साथ हुआ हिंदू सम्मेलन




हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम खड़ी हाट में विगत सात दिवस से चली आ रही श्रीमद भागवत कथा का समापन विराट हिंदू सम्मेलन धार्मिक समागम एवं राष्ट्र प्रेम तथा प्रबल हिंदुत्व की भावना के साथ विश्राम किया गया। कथा के प्रारंभ में मनोहरसिंह पटेल, सीताराम वर्मा, लक्ष्मीचंद वर्मा, प्रेमनारायण चेयरमैन, मंगलप्रसाद तिवारी, प्रकाश पटेल, बाबूलाल वर्मा, रमेशचंद वर्मा, ओकर प्रसाद वर्मा, रणजीतसिंह पटेल, राधेश्याम विश्वकर्मा, सतीश वर्मा आदि समिति सदस्यों द्वारा व्यासपीठ का पूजन किया गया।

कथा के प्रारम्भ मे आर कान्वेंट मिडिल स्कूल के संचालक राजेश कुमार पटेल और उनके स्टॉफ द्वारा दीदी का सम्मान किया गया। व्यास पीठ से पुज्या कविता दीदी द्वारा संबोधित करते हुए बताया गया की आप अपने बेटे को राम के रूप में देखना चाहते हैं तो आप को दसरथ और मां कोशल्या के जेसा तप करना पड़ेगा। कथा में कविता दीदी ने कृष्ण सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा पंडाल में उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर कर मंत्र मुग्ध कर दिया। कथा के समापन में हिंदू सम्मेलन में पधारे मुख्यअतिथि प्रमोद पंवार, प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख माध्यभारा द्वारा पंच परिवर्तन अटल अखंड हिंदुत्व सशक्त नारी समृद्ध भारत पर विस्तृत उद्बोधन दिया कार्यक्रम को अंबाराम राजगुरु सारंगपुर तथा व्यासपीठ से पूज्यादीदी कविता जी द्वारा भी हिंदू सम्मेलन को संबोधित किया।

समापन दिवस पर कथा में आष्टा विधानसभा विधायक गोपालजी इंजीनियर, दारा सिंह पटेल, विष्णु परमार मण्डल अध्यक्ष मैना राजेंद्र सिंह बजरंग सेना प्रदेश अध्यक्ष, लखनलाल परमार, जितेंद्र फोजी, शंकरलाल डाबरी, केवल राम मालवीय आदि ने पधारकर कथा का रसास्वादन किया। कार्यक्रम के समापन पर श्रोताओं ने भाव पूर्ण विदाई दी गई। तत्पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया।

## नगर की 13 बस्तियों के साथ सोनकच्छ व हाटपिपल्या में हुआ विराट हिंदू सम्मेलन

# 11 मंडलों के 90 से अधिक गांवों के ग्रामीण हुए सम्मिलित






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्य प्रदेश -सनातन संस्कृति के संरक्षण तथा राष्ट्र सुरक्षा में समाज की भूमिका को मजबूत करने के उद्देश्य से रविवार को 11 मंडलों एवं देवास नगर की 13 बस्तियों के साथ सोनकच्छ एवं हाटपीपल्या नगर में भी विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ जिनमे एक लाख से अधिक लोग सम्मलित हुए।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के शताब्दी वर्ष होने पर हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे है।देवास नगर में बीएनपी बस्ती, प्रताप बस्ती, बिलावली बस्ती, उत्तम नगर, राजाराम नगर, विकास नगर, अमोना, बावडिया, बालगड, मल्हार, उपासना, भवानी सागर, रेवाबाग बस्तियों के हिन्दू सम्मेलन आयोजित हुए। इसी प्रकार सोनकच्छ एवं हाटपिपल्या नगर में भी बस्ती हिन्दू सम्मेलन का आयोजन रविवार को हुआ। ग्रामीण अंचल में पीपलरांवा खण्ड के गंधर्वपुरी, गड़खजुरिया एवं तालोद मंडल, टोंकखुर्द खण्ड के पाडल्या, गौरवा एवं बुदासा मंडल देवास ग्रामीण खण्ड के रालामंडल, नेवरी एवं सिंगावदा, बरोठा खण्ड में क्षिप्रा एवं सिरोल्या मंडल के हिन्दू सम्मेलन रविवार को आयोजित हुए। इन 11 मंडलों के हिन्दू सम्मेलनों में 90 से अधिक गांवों के लोग सम्मिलित हुए।

इन सम्मेलनों में भारत माता पूजन एवं आरती,गो पूजन, शास्त्र पूजन, कलश यात्राएं, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, भजन जैसे धार्मिक कार्यक्रमों के साथ गणेश-सरस्वती वंदना पर नृत्य एवं पंच परिवर्तन सहित समसामयिक विषयों पर नाटिका जैसे संस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

इस अवसर पर सभी स्थानों पर समरसता सहभोज भी आयोजित किए गए। स्थानीय स्तर पर प्रमुख संत, मातृ शक्तियां,समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी वक्ता के रूप में रहे। वक्ताओं ने हिन्दू समाज को अपनी सनातन परंपराओं, मूल्यों तथा संगठन शक्ति के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना तथा राष्ट्रहित में सामूहिक योगदान देना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है। वक्ताओं ने 'पंच परिवर्तन से समाज परिवर्तन' के सूत्र को विशेष रूप से रेखांकित करते हुए बताया कि व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक स्तर पर होने वाले सकारात्मक बदलाव ही समाज में व्यापक परिवर्तन ला सकते हैं।

हिन्दू हम सब एकर एकता का यही भाव भारत को विश्व गुरु बनाएगा। संत-महात्माओं ने बल देकर कहा कि हिन्दू समाज की एकजुटता ही विश्व कल्याण का सबसे सशक्त मार्ग है। उन्होंने आह्वान किया कि समाज अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानकर एक सूत्र में बंधे और सनातन मूल्यों के आधार पर विश्व पटल पर अपनी सकारात्मक भूमिका निभाए। आगामी दिनों में देवास जिले के शेष मंडलों के हिन्दू सम्मेलन आयोजित होंगे।